प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)
विश्वविद्यालय के बीजों की किसान मेले में जबरदस्त बिक्री

पन्तनगर। 5 अक्टूबर 2024। विश्वविद्यालय में चल रहे अखिल भारतीय किसान मेला एवं उद्योग प्रदर्शनी में विश्वविद्यालय के विभिन्न केन्द्रों के स्टालों से रबी की विभिन्न फसलों के बीजों की बिक्री हो रही है। मेले के दूसरे दिन आज दोपहर तक फसल अनुसंधान केन्द्र, प्रजनक बीज उत्पादन केन्द्र, विश्वविद्यालय फार्म तथा एटिक द्वारा लगभग 60 लाख 50 हजार रूपये के विभिन्न रबी फसलों के बीजों की बिक्री की गयी। इसके अतिरिक्त औषधीय एवं संगंध पौध अनुसंधान केन्द्र, आदर्श पुष्प वाटिका, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, उद्यान अनुसंधान केन्द्र तथा कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र के स्टालों से लगभग 2 लाख 90 हजार रूपये के बीज व पौधों की बिक्री की गई। साथ ही प्रकाशन निदेशालय तथा एटिक के स्टाल से लगभग 20 हजार रूपये के प्रकाशनों की बिक्री की गई। इनके अतिरिक्त मेले में लगे निजी क्षेत्र के विभिन्न स्टालों द्वारा भी विभिन्न प्रकार के बीजों एवं पौधों की बिक्री की गयी।

मेले के दौरान शैक्षणिक पशुधन प्रक्षेत्र पर आज संकर बछियों की नीलामी में किसानों ने प्रतिभाग किया। मेले के दूसरे दिन दोपहर तक लगभग 5 हजार से अधिक किसानों ने अपना पंजीकरण कराया। इसके अतिरिक्त लगभग 2 हजार अपंजीकृत किसानों द्वारा भी मेले का भ्रमण किये जाने का अनुमान है। किसानों द्वारा अधिक संख्या में किसान मेले के प्रति रूचि को देखकर कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गयी है।

विशेष व्याख्यानमाला के अंतर्गत 'पशुओं के रोग एवं उनका प्रबंधन' तथा 'समन्वित मत्स्य पालन उत्तराखण्ड के लिए वरदान' विषय पर विस्तार से किसानों को बताया गया तथा मार्गदर्शन दिया गया। गांधी हाल में किसान गोष्ठी में किसानों द्वारा फसल, पुष्प, उद्यान, पशुपालन, प्राकृतिक खेती से संबंधित प्रश्नों का कृषि वैज्ञानिकों द्वारा उत्तर एवं शंका का समाधान किया गया। विशेष कार्यक्रम के अंतर्गत कृषकों को मशरूम अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, एन.ई.बी. फसल अनुसंधान केन्द्र, आदर्श पुष्प विज्ञान केन्द्र, सब्जी अनुसंधान केन्द्र, औषधीय पौध अनुसंधान एवं विकास केन्द्र, कृषि वानिकी अनुसंधान केन्द्र, उद्यान अनुसंधान केन्द्र, पत्थरचट्टा, ट्रीट केन्द्र, मधुमक्खी अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, शैक्षणिक मत्स्य फार्म एवं हैचरी, नगला, शैक्षणिक डेरी फार्म एवं चारा बैंक तथा शैक्षणिक कुक्कुट फार्म, नगला पर भ्रमण भी कराया गया।

किसान मेले में विश्वविद्यालय बीजों की खरीदारी करते किसान।

निदेशक संचार